भारतीय वानिकी अनुसंधान
एवं शिक्षा परिषद्

वर्ष 14 सं. 11

नवंबर 2022

# वानिकी समाचार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| आजादी का अमृत महोत्सव | 01 |
| संविधान दिवस | 04 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 05 |
| परामर्शी कार्य | 05 |
| प्रदर्शनी/कृषि मेला/किसान मेले में भागीदारी | 06 |
| कार्यशालाएं/सेमिनार/वेबिनार/बैठकें | 06 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 07 |
| समझौता ज्ञापन | 10 |
| प्रकाशन | 10 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 11 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 13 |
| संस्थानों का दौरा | 15 |
| आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लोकप्रियकरण | 15 |
| विविध | 16 |
| मानव संसाधन समाचार | 16 |


## आजादी का अमृत महोत्सव

- व.अ.सं., देहरादून द्वारा पीजी छात्रों के लिए 2 और 4 नवंबर 2022 को प्राकृतिक उत्पाद रसायन विज्ञान में नियोजित विधियों और तकनीकों पर दो अभिमुखी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में दून विश्वविद्यालय, देहरादून से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग–एसटीयूटीआई के अंतर्गत प्रशिक्षुओं और डी.बी.एस (पीजी) कॉलेज देहरादून से 15 एमएससी रसायन विज्ञान के छात्रों ने प्रतिभाग किया।



व.अ.सं., देहरादून ने पीजी छात्रों के लिए दो अभिमुखी कार्यक्रम आयोजित किए

- उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा 3 नवंबर 2022 को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल में काम की गुणवत्ता में सुधार के अलावा उनके कौशल को बढ़ाना और आजीविका प्रदान करना था।

- व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा द्वारा 3 नवंबर 2022 को 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता पर एक सत्र का आयोजन किया।
- व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 4 नवंबर 2022 को स्वास्थ्य एवं कल्याण (हर घर आयुर्वेद) पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 11 नवंबर 2022 को हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में हरित भवन (ग्रीन बिल्डिंग) में काष्ठ एवं काष्ठ आधारित उत्पादों के एकीकरण पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंजीनियर, बिल्डर, वैज्ञानिक, शिक्षाविद, वुड इंटीरियर डिजाइनर, आर्किटेक्ट के साथ–साथ अन्य हितधारक शामिल हुए।
- उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा 11 नवंबर 2022 को महिलाओं एवं परियोजना अध्येताओं के बीच पर्यावरण उत्कर्ष के लिए "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में उ.व.अ.सं., जबलपुर के महिला वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों और परियोजना अध्येताओं ने भाग लिया।
- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु द्वारा 11 नवंबर 2022 को "इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस टोमोग्राफ (ईआरटी): ए नॉवेल टेक्नोलॉजी इन एस्टीमेशन ऑफ हार्टवुड इन स्टैंडिंग ट्रीज" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा 14 नवंबर 2022 को राजस्थानी डिंगल भाषा (कविया शैली) पर एक वार्ता का आयोजन किया गया।



व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा ने जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता पर एक सत्र आयोजित किया



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने हरित भवन (ग्रीन बिल्डिंग) में काष्ठ और काष्ठ आधारित उत्पादों के एकीकरण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया



उ.व.अ.सं., जबलपुर ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता पर कार्यक्रम आयोजित किया




का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस टोमोग्राफ (ईआरटी) पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया

- व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा 14 नवंबर 2022 को स्वास्थ्य एवं कल्याण (आयुष पर प्रमुखता के साथ) दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षु – वन रेंज अधिकारियों (एफआरओ) ने भाग लिया।
- व.अ.के.–आ.वि., अगरतला द्वारा 15 नवंबर 2022 को कम लागत वाली कृमिखाद प्रौद्योगिकी पर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में त्रिपुरा के गोमती, खोवाई और पश्चिम त्रिपुरा जिलों की महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया।



व.जै.सं., हैदराबाद ने स्वास्थ्य एवं कल्याण (आयुष पर प्रमुखता के साथ) दिवस मनाया



व.अ.के.–आ.वि., अगरतला ने कम लागत वाली कृमिखाद प्रौद्योगिकी पर एक कार्यक्रम आयोजित किया

- उ.व.अ.सं., जबलपुर द्वारा 15 नवंबर 2022 को रानी दुर्गावती समाधी, नरई गांव, जबलपुर में 147वीं बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- व.उ.सं., रांची द्वारा 16 नवंबर 2022 को बिरसा मुंडा जयंती 2022 मनाई गई। कार्यक्रम में विभागों के प्रमुखों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और अनुसंधान अध्येताओं ने भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए।



उ.व.अ.सं., जबलपुर ने 147वीं बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया



व.उ.सं., रांची ने बिरसा मुंडा जयंती 2022 मनाई

- व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा 21 नवंबर 2022 को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेलंगाना राज्य वन अकादमी (टी.एस.एफ.ए.), हैदराबाद के प्रशिक्षु–वन बीट अधिकारियों (32वें बैच–बी सेक्शन) ने भाग लिया।

- व.अ.सं., देहरादून द्वारा 23 नवंबर 2022 को सामाजिक–आर्थिक लाभ के लिए वनों से प्राप्त उत्पादों के महत्व और उपयोग पर वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने के लिए एक अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल, देहरादून के स्कूली छात्रों ने अपने संकाय सदस्यों के साथ भाग लिया।




व.जै.सं., हैदराबाद ने स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया



व.अ.सं., देहरादून ने अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस 2022 मनाया गया।



भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने संविधान दिवस 2022 मनाया




व.अ.सं., देहरादून ने संविधान दिवस 2022 मनाया



व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बतूर ने संविधान दिवस 2022 मनाया




शु.व.अ.सं., जोधपुर ने संविधान दिवस 2022 मनाया




हि.व.अ.सं., शिमला ने संविधान दिवस 2022 मनाया




व.उ.सं., रांची ने संविधान दिवस 2022 मनाया



उ.व.अ.सं., जबलपुर ने संविधान दिवस 2022 मनाया



व.व.अ.सं., जोरहाट ने संविधान दिवस 2022 मनाया

- दिनांक 29 नवंबर 2022 को पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज द्वारा मूंज आधारित आजीविका हेतु हस्तकला पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं एवं किसानों ने भाग लिया।

- व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा द्वारा 30 नवंबर 2022 को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और परियोजना कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज द्वारा मूंज आधारित आजीविका हेतु हस्तकला पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



व.अ.के.–कौ.वि., छिंदवाड़ा ने स्वच्छता अभियान चलाया

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

- कानासर, देहरादून (उत्तराखंड) से एकत्र किए गए *प्रिन्सेपिया यूटिलिस* बीजों से पृथक किए गए वसायुक्त तेल के आयोडीन मूल्य, मुक्त फैटी एसिड मात्रा, एस्टर मूल्य, असापोनिफाइबल पदार्थ, हेनर मूल्य और एसिटाइल मूल्य सहित भौतिक–रसायनिक गुण निर्धारित किए गए और क्रमशः 57.21, 7.89, 118.95, 0.4%, 95.47 और 35.5 पाए गए। ये गुण तेल की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण हैं। (वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून)
- बांस पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत – *डेंड्रोकैलेमस सोमदेवई* की विभिन्न वर्गिकीय विशेषताओं का अध्ययन किया गया और भविष्य के अध्ययन के लिए रिकॉर्ड किया गया। *बैम्बुसा नुतन्स* पुष्पण के हर्बेरियम नमूने तैयार किए गए। देश के विभिन्न भागों से बांस की 15 प्रजातियों के पुष्पण की रिपोर्ट को पुष्पण डेटाबेस में शामिल किया गया। (वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून)
- जीसीएमएस/एमएस विश्लेषण के माध्यम से *राइटिया टिंक्टोरिया* के क्रोमैटोग्रैफिक लक्षण वर्णन ने महत्वपूर्ण गैरप्रदाहक, एंटीएलर्जिक और एंटीइनोसिसेप्टिव गुणयुक्त पादपयौगिकों की उपस्थिति को उजागर किया, इन पादपयौगिकों का चिकित्सीय अनुप्रयोग के लिए उपयोग किया जा सकता है। (वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बतूर)

## परामर्शी कार्य

1. भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा ओएमसीएल की दैतारी लौह अयस्क खदान की क्षमता और जैव विविधता आकलन की अंतिम रिपोर्ट ओएमसीएल, ओडिशा को प्रस्तुत की गई।
2. भा.वा.अ.शि.प., देहरादून द्वारा मनुगुरु विस्तार ओसीपी और पद्मावती खानी (पीवीके)–5 यूजी खान परियोजना, एससीसीएल की 04 कोयला खदानों की ऑडिट रिपोर्ट की ईसी अनुपालन की ड्राफ्ट रिपोर्ट एससीसीएल को प्रस्तुत की गई।
3. **भा.वा.अ.शि.प. के अवलोकन और सिफारिशें:**
    1. मैसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड की देवदारी लौह अयस्क खदान (एमएल संख्या 006) के अतिक्रमित निष्क्रिय ओबी डंप (ईआईडी–1) के स्थिरीकरण के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सीईसी को प्रस्तुत किए गए।
    2. मैसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड के नंदी लौह अयस्क खदान (एमएल नंबर 0005) के निष्क्रिय डम्पों (आईडी–1 और आईडी–2) की परिधि पर पूर्व निर्मित टो दीवारों (टीडब्ल्यू–1 और टीडब्ल्यू–2) और गारलैंड नालियों (जीडी–1 और जीडी–2) को हटाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सीईसी को प्रस्तुत किए गए।

## प्रदर्शनी/कृषि मेला/किसान मेले में भागीदारी

- का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने 3 से 6 नवंबर 2022 को कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके में किसान मेला में भाग लिया।
- व.व.अ.सं., जोरहाट ने दिनांक 9 नवंबर 2022 को आरएआरएस, तिताबोड़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेले में भाग लिया और इस अवसर पर आयोजित प्रदशनों में संस्थान के अनुसंधान और विकास गतिविधियों को प्रदर्शित किया।
- हि.व.अ.सं., शिमला ने 17 से 21 नवंबर 2022 को एसकेयूएएसटी, जम्मू में आत्मनिर्भर भारत के लिए कृषि में विविधीकरण विषय पर आयोजित किसान मेला में भाग लिया।
- व.व.अ.सं., जोरहाट ने नोनोई उच्च माध्यमिक स्कूल, नागांव द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया, जहां व.व.अ.सं., जोरहाट ने 25 से 27 नवंबर 2022 को संस्थान की अनुसंधान और विकास गतिविधियों का प्रदर्शन किया।



का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके में आयोजित कृषि मेला में भाग लिया




व.व.अ.सं., जोरहाट ने आरएआरएस, तिताबोड़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेले में भाग लिया



हि.व.अ.सं., शिमला ने किसान मेला में भाग लिया



व.व.अ.सं., जोरहाट ने नोनोई एच.एस. स्कूल, नागांव द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया

## कार्यशालाएं/सेमिनार/वेबिनार/बैठकें

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | |
| 1. | "ग्रामरली" के प्रयोग से अनुसंधान लेखन में सुधार पर कार्यशाला | 9 नवंबर 2022 | संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी, सहायक अनुसंधान कर्मचारी, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता, कनिष्ठ परियोजना अध्येता, एफए और पीए |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | पश्चिमी हिमालय के शंकुवृक्षः स्थिति, समस्याएं और संभावनाएं पर सेमिनार | 29 नवंबर 2022 | वैज्ञानिक, अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी, क्षेत्र पदाधिकारी, परियोजना कर्मचारी और शोधार्थी |
| | **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश के नमसाई जिले के लथाओ गांव में जलस्रोतों के पुनरुद्धार पर अंतःक्षेप के प्रभाव पर केस स्टडी | 18 से 19 नवंबर 2022 | छात्र, शोधकर्ता और शिक्षाविद |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.सं. | विषय | तिथि | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| | **भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून** | | |
| 1. | पारिस्थितिकी और जैव विविधता | 9 से 11 नवंबर 2022 | कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक संस्था, सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई), रांची के वरिष्ठ अधिकारीगण |
| | **वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 2. | ANSYS का CADFEM सिमुलेशन सॉफ्टवेयर | 17 से 18 और 21 से 22 नवंबर 2022 | वनोपज प्रभाग के वैज्ञानिक, व.अ.सं. के विभिन्न प्रभागों के शोधकर्ता |
| 3. | वानिकी और वन वर्धन | 21 से 25 नवंबर 2022 | प्रादेशिक सेना के कार्मिकों के इको टास्क फोर्स के प्रतिभागी |



पारिस्थितिकी और जैव विविधता पर प्रशिक्षण



वानिकी और वन वर्धन पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | प्रशिक्षण और अनुसंधान मार्गदर्शन | नवंबर 2022 | व.अ.सं.सम विश्वविद्यालय, देहरादून के अंतर्गत 2 पोस्ट डॉक्टरेट. अध्येताओं और 7 पीएच.डी. छात्र |
| 5. | सामाजिक–आर्थिक लाभों के लिए वनों से प्राप्त उत्पादों के महत्व और उपयोग पर वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करने के लिए अभिमुखी कार्यक्रम तैयार किया गया | 23 नवंबर 2022 | सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल देहरादून के छात्र |
| | **वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर** | | |
| 6. | जैविक अपशिष्ट आधारित जैव उत्पाद ट्री रिच बायो बूस्टर (टीआरबी) के विकास पर क्षमता निर्माण | 11 नवंबर 2022 | कल्लारपुथुर, मेट्टुपालयम की इरुलर जनजातियाँ |
| 7. | वन और भूदृश्य जीर्णोद्धार के लिए वृक्ष बीज विज्ञान की उपयोगिता का आकलन | 28 नवंबर से 2 दिसंबर 2022 | इंडोनेशिया, फिलीपींस, बांग्लादेश और लाओस पीडीआर के प्रतिभागी |
| | **शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | |
| 8. | विभिन्न वानिकी और पर्यावरण संबंधी विषय | 1 से 3 नवंबर 2022 | किसान और क्षेत्र कार्यकर्ता |
| 9. | एआरएस नागुर और जयल नागुर में जैव–उर्वरक अनुप्रयोग | 17 और 18 नवंबर 2022 | ग्रामीण महिला किसान |



वन एवं भूदृश्य जीर्णोद्धार के लिए वृक्ष बीज विज्ञान की उपयोगिता के आकलन पर प्रशिक्षण


एआरएस नागुर और जयल नागुर में जैव उर्वरक अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | भारतीय वनों पर जलवायु संचालित प्रभावों के अध्ययन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण | 21 से 25 नवंबर 2022 | – |
| | **वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद** | | |
| 11. | प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम | 3 और 17 नवंबर 2022 | वन बीट अधिकारी |
| 12. | पादप प्रलेखन, संरक्षण और जैव विविधता मूल्यांकन | 29 नवंबर 2022 | छात्र |
| | **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | |
| 13. | ऊत्तक संवर्धन प्रयोगशाला, आनुवंशिक जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला एवं मृदा प्रयोगशाला सहित संस्थान की गतिविधियों की जानकारी | 14 नवंबर 2022 | वन विभाग, झारखण्ड सरकार के वन रक्षक |
| 14. | बांस प्रवर्धन प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी | 21 से 25 नवंबर 2022 | प्रशिक्षण विद्यालय, माहिलोंग के वन रक्षक |


प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम


बांस प्रवर्धन प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | |
| 15. | काष्ठ संशोषण एवं परिरक्षण | 15 से 18 नवंबर 2022 | काष्ठ कर्म कर्मचारी, बढ़ई और वास्तुकला के छात्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | | |
| 16. | समुदायों की आजीविका संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए बांस संसाधन विकास | 14 से 18 नवंबर 2022 | भारत के विभिन्न राज्यों के भारतीय वन सेवा अधिकारीगण |
| 17. | मधुमक्खी पालन, मूल्य संवर्धन और उद्यमिता पर कौशल विकास प्रशिक्षण | 16 से 17 नवंबर 2022 | नमसाई, अरुणाचल के ग्रामीण |
| **वन अनुसंधान केन्द्र – अजिविका विस्तार, अगरतला** | | | |
| 18. | कम लागत वाली कृमिखाद तकनीकें | 10 नवंबर 2022 | त्रिपुरा के दक्षिण त्रिपुरा जिले के ग्रामीण |


मधुमक्खी पालन, मूल्यवर्धन और उद्यमिता पर कौशल विकास प्रशिक्षण



कम लागत वाली कृमिखाद तकनीकों पर प्रशिक्षण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | | |
| 19. | बांस आधारित कृषि वानिकी मॉडलः नाबार्ड परियोजना के अंतर्गत इनका प्रबंधन | 4 नवंबर 2022 | किसान |

## समझौता ज्ञापन

डाई से संबंधित मूल्य वर्धित उत्पादों के विकास के लिए व.जै.सं., हैदराबाद और आर एंड डी ग्लोबल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे महाराष्ट्र के बीच 4 नवंबर 2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

## प्रकाशन

**वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद**

वन विज्ञान केन्द्र के अंतर्गत तेलंगाना में वन पौधशाला रोपणियों प्रबंधन के नाशीकीट और उनके पर विवरणिका तैयार किया गया।

## प्रकृति कार्यक्रम

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- दिनांक 4 नवंबर 2022 को पिंक एंड ब्लू प्रीस्कूल, कोयम्बत्तूर, एनएम मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयम्बत्तूर, अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस, कोयम्बत्तूर, एननाम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कोयम्बत्तूर के 127 छात्रों के लिए वन के महत्व और इसके संरक्षण के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।
- दिनांक 4 नवंबर 2022 को सेंट फ्रांसिस एंग्लो इंडियन गर्ल्स हाई स्कूल, कोयम्बत्तूर, एसआर लीडर पब्लिक स्कूल, कोयम्बत्तूर, बिशप हेबर कॉलेज त्रिची के 283 छात्रों को भारत के विभिन्न प्रकार के वनों से परिचित कराया गया।
- दिनांक 10 नवंबर 2022 को सेंट माइकल एचआर सेकेंडरी स्कूल, भारतीय विद्याभवन पब्लिक स्कूल और महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, कोयम्बत्तूर के 183 छात्रों को वन और मानव जीवन पर व्याख्यान दिया गया।




सेंट माइकल एचआर सेकेंडरी स्कूल, भारतीय विद्याभवन पब्लिक स्कूल और महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, कोयम्बत्तूर के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं. के गास संग्रहालय का दौरा किया

- दिनांक 18 नवंबर 2022 को पायनियर मिल्स नर्सरी और प्राइमरी स्कूल, कोयम्बत्तूर, कोंगु पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोयम्बत्तूर, नायर विद्या मंदिर सीबीएसई स्कूल, कोयम्बटूर, टिप्स किंडरकेयर, कोयम्बत्तूर के 325 छात्रों को पर्यावरण संरक्षण पर समझाया गया।
- दिनांक 22 नवंबर 2022 को कार्मेल गार्डन पब्लिक स्कूल के 102 छात्रों ने क्षेत्र संबंधी गतिविधियों में भाग लिया।
- दिनांक 23 नवंबर 2022 को महर्षि विद्या मंदिर कोयम्बत्तूर और दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोयम्बत्तूर के 203 छात्रों ने क्षेत्र संबंधी गतिविधियों में भाग लिया और छात्रों को विभिन्न वृक्षों के बारे में समझाया गया। चूंकि जैव विविधता के संरक्षण में वृक्ष महत्वपूर्ण हैं।
- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के वैज्ञानिकों, अनुसंधान अधिकारी और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा सीयूबीई (सेंटर फॉर अर्बन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन एंड एजुकेशन) के सहयोग से गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज, श्रीकृष्ण आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, श्री रामकृष्ण कॉलेज, श्री शक्ति इंजीनियरिंग कॉलेज के 185 छात्रों के लिए वेबिनार आयोजित किया गया।
- दिनांक 10 नवंबर 2022 को सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयम्बत्तूर के एक संकाय सदस्य सहित 34 स्कूली छात्रों ने पादपालय का दौरा किया।
- व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर द्वारा 21 नवंबर 2022 को अविनाशीलिंगम इंस्टीट्यूट फॉर होम साइंस एंड हायर एजुकेशन फॉर वीमेन, कोयम्बत्तूर के 30 छात्रों के लिए प्रकृति के अंतर्गत विशेष ऑफ़लाइन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संचालन का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छात्रों के बीच पर्यावरण संरक्षण जागरूकता पैदा करना था।

### वन उत्पादकता संस्थान, रांची

विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत 24 नवंबर 2022 को पूर्वी क्षेत्र के तीन राज्यों (बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल) में नवोदय विद्यालय समिति के 96 छात्रों और 21 शिक्षकों ने अपने प्रधानाचार्य के साथ वन उत्पादकता संस्थान, रांची का दौरा किया।



पूर्वी क्षेत्र के तीन राज्यों (बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल) के नवोदय विद्यालय समिति के छात्रों और शिक्षकों ने अपने प्रधानाचार्य के साथ व.उ.सं. का दौरा किया

### शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

सरस्वती बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नागौर (राजस्थान) के 121 छात्रों ने 14 नवंबर 2022 को शु.व.अ.सं., जोधपुर के व्याख्यान केंद्र, मॉडल पौधशाला और शीशम कृंतक वीएमजी का दौरा किया।

## वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद के अंतर्गत व.अ.के.–त.पा., विशाखापत्तनम द्वारा 4 नवंबर 2022 को तटीय पारितंत्र सेवाओं और मानव कल्याण पर केंद्रीय विद्यालय, काकीनाडा के छात्रों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित कुल 40 छात्र उपस्थित थे।
- प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 7 नवंबर 2022 को केंद्रीय विद्यालय, विजयनगरम के छात्रों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 130 छात्रों ने भाग लिया।

## वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- फलांगोनी बापूजी एच.एस. स्कूल, गोलाघाट, असम के 45 छात्रों ने 4 नवंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।
- लम्बुदार बोरगोहाईं शंकरदेव विद्या निकेतन, डिमौ, असम के 51 छात्रों ने 4 नवंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।
- सरुचराई घरफलिया हाई स्कूल, ढेकरगढ़ा, जोरहाट असम के 52 छात्रों ने 14 नवंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।
- माजुली, असम के 34 स्कूली छात्रों ने 21 नवंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट के कीटालय, पादपालय और अन्य सुविधाओं का दौरा किया।

## उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर (म.प्र.) के कक्षा 7 और 8 के 70 स्कूली छात्रों ने 7 नवंबर 2022 को उ.व.अ.सं. संग्रहालय सह व्याख्या केंद्र, 40 बांस प्रजातियों की बांस वाटिका, राष्ट्रीय कीट भंडार का दौरा किया।


स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर (म.प्र.) के स्कूली छात्रों ने उ.व.अ.सं. संग्रहालय सह व्याख्या केंद्र, बांस वाटिका का दौरा किया

- सीएम राइज स्कूल के 100 शिक्षकों ने 9 नवंबर 2022 को उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- कृष्णा किड्स स्कूल जबलपुर (म.प्र.) के 150 छात्रों ने 14 नवंबर 2022 को उ.व.अ.सं. जबलपुर का दौरा किया।


माजुली, असम के स्कूली छात्रों ने व.व.अ.सं., जोरहाट के कीटालय, पादपालय और अन्य सुविधाओं का दौरा किया


सीएम राइज स्कूल के शिक्षकों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- व.व.अ.सं., जोरहाट ने 26 नवंबर 2022 को जवाहर नवोदय विद्यालय, ढिंग, नागांव में वैज्ञानिक और छात्रों के बीच एक संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां व.व.अ.सं., जोरहाट के वैज्ञानिक ने छात्रों को एक लोकप्रिय व्याख्यान दिया और छात्रों के बीच एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## वन अनुसंधान केंद्र–तटीय पारिस्थितिकी तंत्र, विशाखापत्तनम

- व.अ.के.–त.पा., विशाखापत्तनम ने 4 नवंबर 2022 को केंद्रीय विद्यालय, काकीनाडा के छात्रों के बीच "प्रकृतिः एक वैज्ञानिक–छात्र ज्ञान आदान–प्रदान पहल" का आयोजन किया। छात्रों के लिए मैंग्रोव की पारिस्थितिक भूमिका पर एक प्रस्तुति

कार्यक्रम भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

- व.अ.के.–त.पा., विशाखापत्तनम द्वारा 7 नवंबर 2022 को केवीएस विजयनगरम के स्कूली छात्रों के लिए "प्रकृतिः एक वैज्ञानिक–छात्र ज्ञान आदान–प्रदान पहल" विषय पर एक और कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित 9, 10 और इंटरमीडिएट के कुल 130 छात्रों ने भाग लिया।



व.अ.के.–त.पा., विशाखापत्तनम ने केंद्रीय विद्यालय, काकीनाडा के छात्रों के लिए प्रकृति कार्यक्रम का आयोजन किया

## जागरुकता और प्रदर्शन कार्यक्रम

### वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर

- दिनांक 10 नवंबर 2022 को निर्मला कॉलेज फॉर वूमेन, कोयम्बत्तूर की छात्राओं के लिए जैवपूर्वेक्षण पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक 10 नवंबर 2022 को व.अ.सं., देहरादून के दो संकाय सदस्यों के साथ 40 एम.एससी. वानिकी के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया। उन्हें व.आ.वृ.प्र.सं., कोयम्बत्तूर के वनस्पति बहुगुणन उद्यान और गास वन संग्रहालय में भी ले जाया गया।



व.अ.सं., देहरादून से दो संकाय सदस्यों के साथ एम.एससी. वानिकी के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया

- दिनांक 14 नवंबर 2022 को नेहरू आट्‌र्स एंड साइंस कॉलेज, कोयम्बत्तूर के एक संकाय सदस्य के साथ 50 कॉलेज के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।



नेहरू आट्‌र्स एंड साइंस कॉलेज, कोयंबत्तूर के एक संकाय सदस्य के साथ कॉलेज के छात्रों ने व.आ.वृ.प्र.सं. का दौरा किया

- दिनांक 24 नवंबर 2022 को व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबत्तूर में व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय के अंतर्गत पंजीकृत पीएचडी छात्रों को डीएनए चिह्नकों के प्रकारों पर एक व्याख्यान दिया गया।
- सोना कॉलेज ऑफ आट्‌र्स एंड साइंस, सलेम के 75 छात्रों और 4 संकाय सदस्यों ने व.आ.वृ.प्र.सं. की जैवप्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का दौरा किया। उन्हें व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबत्तूर के गास वन संग्रहालय में भी ले जाया गया।

### हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा एमेच्योर गार्डन एंड एनवायरनमेंट सोसाइटी (एसएजीईएस) के सदस्यों के लिए पॉटर्स हिल स्थित वेस्टर्न हिमालयन टेम्परेट आर्बोरेटम (डब्ल्यूएचटीए) का दौरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिनांक 6 नवंबर 2022 को आयोजित उक्त कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, वकीलों, व्यापारियों, प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त नौकरशाहों आदि का प्रतिनिधित्व करते हुए लगभग 70 आगंतुकों ने दौरा किया।



एमेच्योर गार्डन एंड एनवायरनमेंट सोसाइटी (एसएजीईएस) के सदस्यों ने हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया

- दिनांक 25 नवंबर 2022 को वानिकी कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद, के 20 बी.एससी. वानिकी छात्रों ने हि.व.अ.सं., शिमला का दौरा किया।

**वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद**

दिनांक 17 नवंबर 2022 को एमएलआर विभाग, आंध्र विश्वविद्यालय के 30 छात्रों ने मरीन इंटरप्रिटेशन इकाई का दौरा किया। व.अ.के.–त.पा. के सदस्यों द्वारा सभी प्रदर्शक सामग्री और संबंधित जानकारी छात्रों के साथ साझा की गई।

**वन उत्पादकता संस्थान, रांची**

- दिनांक 7 नवंबर 2022 को संस्थागत शैक्षिक दौरे के अंतर्गत वानिकी संकाय (बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके) के 38 छात्रों ने व.उ.सं., रांची का दौरा किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी प्रदर्शन सह व्याख्या केंद्र, बांस उद्यान, ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, आण्विक जीव विज्ञान प्रयोगशाला, मृदा प्रयोगशाला, पारिस्थितिकी प्रयोगशाला का भी दौरा किया।
- दिनांक 14 नवंबर 2022 को बीबीएम विश्वविद्यालय, धनबाद, झारखंड और जीएनएस विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार के 44 बी.एससी./एम.एससी. के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत व.उ.सं., रांची का दौरा किया। उन्होंने आनुवंशिक जैवप्रौद्योगिकी की प्रयोगशाला, ऊत्तक संवर्धन प्रयोगशाला और मृदा प्रयोगशाला का दौरा किया। उन्हें बांस उद्यान एवं पौधशाला में होने वाले कार्यों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।



बीबीएम विश्वविद्यालय, धनबाद, झारखंड और जीएनएस विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार के बी.एससी./एम.एससी. छात्रों ने व.उ.सं., रांची का दौरा किया

**वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट**

- दिनांक 1 नवंबर 2022 को छात्र और युवाओं में नेतृत्व विकास और प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत शिवसागर, असम के 125 छात्रों और युवाओं ने व.व.अ.सं., जोरहाट की अनुसंधान और विकास गतिविधियों जैसे बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्यवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संवर्धन, वीपीआई इकाई, बांह बीथिका, लाख की खेती, वनस्पति उद्यान, ऑर्किडेरियम, कृमिखाद इकाई आदि का दौरा किया।



छात्र और युवाओं में नेतृत्व विकास और प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत शिवसागर, असम के छात्रों और युवाओं ने व.व.अ.सं., जोरहाट की अनुसंधान और विकास गतिविधियों का दौरा किया

- व.व.अ.सं., जोरहाट ने 17 से 18 नवंबर 2022 तक नामसाई जिला, अरुणाचल प्रदेश में मधुमक्खी पालन, मूल्यवर्धन और उद्यमिता पर एक प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया और लाभार्थियों को 10 मधुमक्खी के बक्सों और 5 मधुमक्खी कालोनियों का वितरण किया।

**उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर**

- दिनांक 4 नवंबर 2022 को गुरु रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कुर्कीखेड़ा, बरेला जबलपुर (म.प्र.) के 80 बी.एससी छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।



गुरु रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कुर्कीखेड़ा, बरेला जबलपुर (म.प्र.) के बी.एससी. छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- दिनांक 14 नवंबर 2022 को राजकीय पी.जी. कॉलेज, दमोह, (म.प्र.) के 45 बीएससी छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- दिनांक 14 नवंबर 2022 को गुरु रामदास खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कुर्कीखेड़ा, बरेला जबलपुर (म.प्र.) के 100 बी.एससी छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- दिनांक 16 नवंबर 2022 को जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) के 47 बी.एससी. वानिकी छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।
- दिनांक 16 नवंबर 2022 को एफसीआरआई, तेलंगाना से बी.एससी. वानिकी के 50 छात्रों ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।

## संस्थानों का दौरा

- दिनांक 8 नवंबर 2022 को चंद्रपुर (महाराष्ट्र) की चंद्रपुर वन अकादमी के वन रेंजर अधिकारी प्रशिक्षुओं ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।


चंद्रपुर (महाराष्ट्र) की चंद्रपुर वन अकादमी के वन रेंजर अधिकारी प्रशिक्षुओं ने उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- दिनांक 14 नवंबर 2022 को चंद्रपुर स्टेट फॉरेस्ट एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट, चंद्रपुर, महाराष्ट्र के 47 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं के एक समूह ने शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। उन्होंने शु.व.अ.सं., जोधपुर की व्याख्या केन्द्र, शीशम के कृंतकीय परीक्षण और पौधशाला का भी दौरा किया।
- व.अ.सं. देहरादून द्वारा 16 नवंबर 2022 को आत्मा परियोजना के अंतर्गत जयपुर, राजस्थान से 48 किसानों के एक समूह को उनके अनुरक्षकों के साथ व.अ.सं., देहरादून का दौरा करने के लिए सुविधा प्रदान की गई।


व.अ.सं., देहरादून ने आत्म परियोजना के अंतर्गत जयपुर, राजस्थान से किसानों के एक समूह को उनके अनुरक्षकों के साथ एक्सपोजर विजिट की सुविधा प्रदान की

- दिनांक 17 नवंबर 2022 को उ.व.अ.सं., जबलपुर में 69 भा.व.से. परिवीक्षाधीन अधिकारियों (आईजीएनएफए, देहरादून) ने एक्सपोजर विजिट किया।

- उत्तराखंड वानिकी अकादमी, हल्द्वानी से सेवानिवृत्त डॉ. सी.के. कविदयाल, सेवानिवृत्त भा.व.से. के नेतृत्व में 42 रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं (बैच 2021–2023) के एक समूह ने शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया। आगंतुकों को शु.व.अ.सं. पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। प्रशिक्षुओं ने 18 नवंबर 2022 को शु.व.अ.सं., जोधपुर के वीएमजी और मॉडल नर्सरी में व्याख्या केंद्र, शीशम कृंतक परीक्षण का भी दौरा किया।


उत्तराखंड वानिकी अकादमी, हल्द्वानी के रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं (बैच 2021–2023) ने शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया

- ओडिशा फ़ॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज, अंगुल, ओडिशा के 52 वन रेंज अधिकारी (एफ़आरओ) प्रशिक्षुओं ने 19 नवंबर 2022 को व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।
- निदेशक, आईसीएफएआई, हैदराबाद और भा.व.से. (सेवानिवृत्त) पूर्व पीसीसीएफ और उप महानिदेशक (विस्तार), भा.वा.अ.शि.प. ने 23 नवंबर 2022 को व.जै.सं.–हैदराबाद का दौरा किया।

## आकाशवाणी/दूरदर्शन के माध्यम से वानिकी का लोकप्रियकरण

| कार्यक्रम विषय | चैनल | तिथि |
|---|---|---|
| **उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | |
| वृक्षारोपण और वन विकास के लिए बीज भंडारण तकनीक – मनीष कुमार विजय, वैज्ञानिक – 'बी' | – | 25 नवंबर 2022 |
| **वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | |
| 'स्वरोजगार में वन आधारित उद्यमियों की भूमिका' पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम (असमिया में) | आकाशवाणी, जोरहाट | 11 नवंबर 2022 |
| आजीविका, जल संरक्षण और ताप प्रबंधन में सीढ़ीदार खेती की प्रासंगिकता (असमिया में) | आकाशवाणी, जोरहाट | 5 नवंबर 2022 24 नवंबर, 2022 को पुनः प्रसारण |

## विविध

- दिनांक 18 नवंबर 2022 को हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा मासिक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के कर्मचारियों द्वारा सभागार, परिसर, रास्ते व आस पास के जंगल की साफ–सफाई की गई।



हि.व.अ.सं., शिमला ने मासिक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया

- व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा 18 और 25 नवंबर 2022 को परिसर में दो सफाई अभियान चलाए गए।

## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. रणजीत सिंह, वैज्ञानिक – 'जी', व.अ.सं., देहरादून | 30.11.2022 |
| श्रीमती सुमन शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, व.अ.सं., देहरादून | 30.11.2022 |
| डॉ. मैत्रे कुंडू, वैज्ञानिक – 'एफ', उ.व.अ.सं., जबलपुर | 30.11.2022 |

### संप्रत्यावर्तन

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ जी. राजेश्वर राव, निदेशक, उ.व.अ.सं., जबलपुर | 19.11.2022 |

### प्रतिनियुक्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री इमोतेम्सु एओ, भा.व.से. (सीएचएचः 2010), व.व.अ.सं., जोरहाट | 04.11.2022 |

### पदोन्नति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री विवेक गोयल, अवर सचिव, व.अ.सं., देहरादून | 14.11.2022 |

**सरंक्षकः**

श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., देहरादून

**संपादक मंडलः**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक, (राजभाषा), सदस्य

**प्रत्याख्यान**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।